सौंप दिया है तुमको बाबा | By Sunny Hari

सौंप दिया है तुमपे बाबा मैंने अपना जीवन
कभी ना छूटे इन हाथों से बाबा तेरा दामन
तेरा दामन बाबा मेरे ....
कभी ना छूटे इन हाथों से बाबा तेरा दामन

कोई नहीं है तेरे सिवा इस जग में मेरा बाबा
इतनी किरपा हम पे करना भगत तेरा हूँ बाबा
तुमसे है श्रृंगार ऐ बाबा तुम ही मेरा दर्पण
कभी ना छूटे इन हाथों से बाबा तेरा दामन

नाम तुम्हारा जपते जपते सो जाऊं मैं बाबा
लगी लगन ऐसे के तुझमे खो जाऊं मैं बाबा
आँख खुले तो हो जाता है बाबा तेरा दर्शन
कभी ना छूटे इन हाथों से बाबा तेरा दामन

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a5%8c%e0%a4%82%e0%a4%aa-%e0%a4%a6%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a5%88-%e0%a4%a4%e0%a5%81%e0%a4%ae%e0%a4%95%e0%a5%8b-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%ac%e0%a4%be-by-sunny-hari/